कानपुर, मंगलवार
25 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2083 वि.
वर्ष 38, अंक - 10, पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

# रबी दलहनी फसलों की 31वीं वार्षिक बैठक में आईसीएआर के महानिदेशक होंगे मुख्य अतिथि



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में होने वाली अखिल भारतीय रबी दलहनी फसलों की 31वीं वार्षिक समूह बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉक्टर एम एल जाट बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि आईसीएआर के उपमहानिदेशक फसल विज्ञान डॉक्टर डीके यादवए उपमहानिदेशक तिलहन एवं दलहन डॉक्टर एसके झा तथा सहायक महानिदेशक बीज डॉक्टर एसके चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में देशभर के दलहनी फसलों के ख्यात प्राप्ति कृषि वैज्ञानिक अपने शोधों का प्रस्तुतीकरण करेंगे। जो दलहनी फसलों की उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दैनिक जागरण 25/08/2026

# दलहनी फसलों में उत्पादन बढ़ाने पर होगा मंथन

**जासं, कानपुर :** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) और भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान (आइआइपीआर) के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय रबी दलहनी फसलों की 31वीं वार्षिक समूह बैठक 29 व 30 अगस्त को होगी। सीएसए में होने वाली बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर), नई दिल्ली के महानिदेशक डा. एमएल जाट मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के दलहनी फसलों के विशेषज्ञ कृषि विज्ञानी शामिल होकर शोध कार्य और नवीन तकनीक का प्रस्तुतीकरण करेंगे। आइसीएआर के उपमहानिदेशक फसल विज्ञान डा.डीके यादव, उपमहानिदेशक तिलहन एवं दलहन डा.एसके झा व सहायक महानिदेशक बीज डा.एसके चौधरी विशिष्ट अतिथि होंगे। रबी दलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर मंथन होगा।



डा. एमएल जाट, महानिदेशक आइसीएआर ●सीएसए

अमर उजाला 25/08/2026

# वार्षिक समूह बैठक 29 अगस्त को

कानपुर। अखिल भारतीय रबी दलहनी फसलों की 31वीं वार्षिक समूह बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट होंगे। यह जानकारी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय और भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान की ओर से बैठक 29 और 30 अगस्त को होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईसीएआर के उप महानिदेशक डॉ. डीके यादव, उप महानिदेशक डॉ. एसके झा और सहायक महानिदेशक डॉ. एसके चौधरी शिरकत करेंगे। दलहनी फसलों के ख्याति प्राप्त कृषि वैज्ञानिक अपने शोध का प्रस्तुतीकरण देंगे। (ब्यूरो)

हिंदुस्तान 25/08/2026

# मुख्य अतिथि होंगे आईसीएआर डीजी

कानपुर। सीएसए कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि विवि एवं भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान के संयुक्त प्रयास में अखिल भारतीय रबी दलहनी फसलों की 31वीं वार्षिक समूह बैठक आयोजित की जा रही है। इसके मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डीके यादव, उप महानिदेशक (तिलहन एवं दलहन) डॉ. एसके झा शिरकत करेंगे।

अमर भारती 25/08/2026

# रबी-दलहनी फसलों की 31वीं हुई वार्षिक बैठक

कानपुर (अमर भारती)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में होने वाली अखिल भारतीय रबी दलहनी फसलों की 31वीं वार्षिक समूह बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉक्टर एम एल जाट बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि आईसीएआर के उपमहानिदेशक फसल विज्ञान डॉक्टर डीके यादव, उपमहानिदेशक तिलहन एवं दलहन डॉक्टर एसके झा तथा सहायक महानिदेशक बीज डॉक्टर एसके चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में देशभर के दलहनी फसलों के ख्यात प्राप्ति कृषि वैज्ञानिक अपने शोधों का प्रस्तुतीकरण करेंगे। जो दलहनी फसलों की उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।